# अध्याय - 6 | मेरे बचपन के दिन

**QUIZ PART-03**

1. **क्रास्थवेट से छात्राएँ कवि सम्मेलन में किसके साथ जाती थीं?**
   A. अपने माता-पिता के साथ
   B. शिक्षिकाओं के साथ
   C. मैडम के साथ
   D. सुभद्रा कुमारी चौहान के साथ (C)

*व्याख्या :* कवि सम्मेलन में छात्राएँ क्रास्थवेट से मैडम के साथ जाया करती थीं।

2. **कवि सम्मेलनों में अक्सर किसे अध्यक्ष के रूप में बुलाया जाता था?**
   A. महादेवी वर्मा
   B. हरिऔध जी, श्रीधर पाठक या रत्नाकर जी
   C. गाँधी जी
   D. मैडम (B)

*व्याख्या :* उन सम्मेलनों में कभी हरिऔध जी, कभी श्रीधर पाठक, तो कभी रत्नाकर जी अध्यक्ष होते थे।

3. **महादेवी वर्मा को सामान्यतः कवि सम्मेलनों में क्या प्राप्त होता था?**
   A. हार B. प्रशस्ति-पत्र
   C. प्रथम पुरस्कार D. पुस्तकें (C)

*व्याख्या :* महादेवी वर्मा को प्रायः प्रथम पुरस्कार ही मिलता था।

4. **महादेवी वर्मा को एक बार किस वस्तु से पुरस्कृत किया गया था?**
   A. सोने का हार B. चाँदी का कटोरा
   C. ताम्बे की थाली D. किताब (B)

*व्याख्या :* एक बार उन्हें पुरस्कार स्वरुप चाँदी का सुंदर नक्काशीदार कटोरा मिला।

5. **जब महादेवी वर्मा ने चाँदी का कटोरा सुभद्रा को दिखाया तो सुभद्रा ने क्या कहा?**
   A. यह बहुत कीमती है
   B. अब तुम एक दिन खीर बनाओ और मुझे इस कटोरे में खिलाओ
   C. यह अच्छा पुरस्कार है
   D. मैं भी पुरस्कार जीतूँगी (B)

*व्याख्या :* सुभद्रा ने मजाक में कहा कि अब महादेवी खीर बनाकर उन्हें उसी कटोरे में खिलाएँ।

6. **गाँधीजी के आने पर छात्राएँ क्या करती थीं?**
   A. उन्हें फूल भेंट करती थीं
   B. देश के लिए बचाए पैसे उन्हें दे देती थीं
   C. कविताएँ सुनाती थीं
   D. नारे लगाती थीं (B)

*व्याख्या :* छात्राएँ अपने जेब-खर्च में से कुछ पैसे बचाकर गाँधीजी को भेंट करती थीं।

7. **महादेवी वर्मा ने अपना चाँदी का कटोरा किसे दे दिया था?**
   A. सुभद्रा कुमारी चौहान को
   B. अपने शिक्षक को
   C. गाँधीजी को
   D. अपनी माँ को (C)

*व्याख्या :* महादेवी वर्मा ने अपना पुरस्कार स्वरुप मिला चाँदी का कटोरा गाँधीजी को दे दिया।

8. **गाँधीजी ने महादेवी वर्मा से कटोरा लेते समय क्या पूछा?**
   A. "तू देती है इसे?"
   B. "यह कहाँ से मिला?"
   C. "क्या इसमें खीर बनाई?"
   D. "क्या इसे बेचोगी?" (A)

*व्याख्या :* गाँधीजी ने कटोरा लेते समय पूछा—"तू देती है इसे?"।

9. **कटोरा देने के बाद महादेवी वर्मा को किस बात का दुख हुआ?**
   A. कटोरा छोटा था
   B. गाँधीजी ने कविताएँ सुनाने के लिए नहीं कहा
   C. सुभद्रा ने मजाक उड़ाया
   D. कटोरा खो गया (B)

*व्याख्या :* महादेवी को दुख हुआ कि गाँधीजी ने कविताएँ सुनाने के लिए नहीं कहा।

10. **सुभद्रा ने कटोरा जाने के बाद क्या कहा?**
   A. अब तो खीर नहीं मिलेगी
   B. और जाओ दिखाने!
   C. कटोरे का सही उपयोग हुआ
   D. तुमने गलती की (B)

*व्याख्या :* सुभद्रा ने कटोरा जाने के बाद मजाक में कहा—"और जाओ दिखाने!"।